# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांकः– एफ.1(58)लेखा / DPR / 2022 / 1840 दिनांकः– 25/08/2022

## खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री रामचन्द्रजी सिरहड्योढ़ी बाजार, बड़ी चौपड़ जयपुर में म्यूजियम, पार्किंग एवं कार्यालय के निर्माण कार्य हेतु डी.पी.आर. बनवाने हेतु इच्छुक कन्सलटेंट/फर्म/संवेदकों से दिनांक 06.09.2022 को 6 पी.एम. तक बन्द लिफाफे मे द्वि भाग बोली (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। बोली का अधिकतम मूल्य 200000/– रूपये हैं। निविदा का विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभाग की वेबसाईट www.devasthan.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर

क्रमांकः– एफ.1(58)लेखा / DPR / 2022 / 1841-58 दिनांकः– 25/08/2022

प्रतिलिपि

1. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, शासन सचिवालय, देवस्थान विभाग, जयपुर।
2. श्रीमान आयुक्त महोदय, देवस्थान विभाग, राजस्थान–उदयपुर को सूचनार्थ एवं निविदा विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, देवस्थान विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
4. श्रीमान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
5. श्रीमान आयुक्त, नगर निगम जयपुर ग्रेटर/हैरिटेज को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
6. श्रीमान जिला कलक्टर, जयपुर को सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।
7. सहायक आयुक्त, भरतपुर/हनुमानगढ़/बीकानेर /जोधपुर/उदयपुर/वृन्दावन/ऋषभदेव /कोटा/ अजमेर/जयपुर (द्वितीय) को अपने कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

—sd—
(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर

E/DPR Tender 2

Scanned with CamScanner

# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

वित्तीय बोली

**प्रपत्र "एच"**

| क्रं. सं. | कार्य का विवरण | बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित दर (राशि रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | मंदिर श्री रामचन्द्र जी सिरहड्योढ़ी बाजार जयपुर में म्यूजियम, पार्किंग एवं कार्यालय निर्माण हेतु DPR (Detailed project Report) बनवाने का कार्य | अंको में........................................................<br>शब्दों में ..............................................................<br>..................................................................<br>.................................................................... |

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय दिनांक

संवेदक / कम्पनी / फर्म का नाम

बिड़ हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का पद एवं स्थिति

मोबाईल नम्बर

ई.मेल.आई.डी.

नोटः—

1. बोलीदाता द्वारा बोली में दरें दस के गुणांक में ही प्रस्तुत करनी होगी।
2. उक्त डी.पी.आर. बनाने की लागत अधिकतम 200000/— (दो लाख रूपये) तक सीमित है। बोलीदाता को समस्त करों सहित अधिकतम सीमा के अन्तर्गत ही दरें प्रस्तुत करनी होगी।
3. बोलियां Two Stage (द्वि भाग) पद्धति से तकनीकी बिड़ एवं वित्तीय बिड़ के रूप में दो अलग—अलग बन्द लिफाफों में प्राप्त की जावेगी। तकनीकी योग्यताओं को पूर्ण करने वाले बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जावेगी।



Scanned with CamScanner

# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री रामचन्द्र जी सिरहड्योढ़ी बाजार जयपुर में म्यूजियम, पार्किंग एवं कार्यालय के निर्माण कार्य हेतु DPR (Detailed project Report) बनवानी है। इस हेतु बोली में भाग लेने वाले बोलीदाताओं की तकनीकी योग्यतायें निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

**बोलीदाता की तकनीकी योग्यतायें**

| क्र.सं. | तकनीकी योग्यतायें | वांछित प्रपत्र / दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1 | बोलीदाता किसी राजकीय विभाग, बोर्ड, कॉरपोरेशन, प्राधिकरण, निगम द्वारा बोली की तिथि से गत 3 वर्षों में ब्लैक लिस्टैड अथवा डिफाल्टर घोषित नही होना चाहिये। | इसके लिए बोलीदाता द्वारा 50/- रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर स्व प्रमाणित शपथ पत्र बिड़ के साथ संलग्न करना आवश्यक है। |
| 2 | बोलीदाता अपराधिक पृष्ठभूमि का नहीं होना चाहिये। | इसके लिए बोलीदाता को 50/- रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर स्व प्रमाणित शपथ पत्र बिड़ के साथ संलग्न करना आवश्यक है। |
| 3 | बोलीदाता के पास स्वयं का अथवा फर्म का पैन नं. होना चाहिये। | इसके लिए बोलीदाता को पैन कार्ड की प्रतिलिपि बिड के साथ संलग्न करनी है। |
| 4 | बोलीदाता को राजकीय विभागों / बोर्ड / प्राधिकरण / निगमों में ड्राईंग, डिजाइनिंग और व्यय अनुमानों को शामिल करते हुए पिछले पांच वर्षों में से किसी भी एक वर्ष में 1 करोड़ की कुल लागत के प्रोजेक्ट की डी.पी.आर बनाने के साथ ही उसे ऐसे कार्यों का 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। | इसके लिए बोलीदाता को अपने अनुभव की प्रतियां बोली के साथ संलग्न करनी आवश्यक है। टर्न ओवर की प्रतिलिपि सी.ए. द्वारा प्रमाणित होनी चाहिये। |
| 5 | बोलीदाता केन्द्र / राज्य के डी.पी.आर से सम्बन्धित अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिये। | इस हेतु बोलीदाता द्वारा सम्बन्धित पंजीकरण की प्रतिलिपि बोली के साथ संलग्न करनी होगी। |

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर

E/DPR Tender 2

Scanned with CamScanner

# निविदा की शर्तें

1. बोलीदाता द्वारा निविदा फार्म इस कार्यालय के कैशियर से 200/— रूपये नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता हैं। अथवा SPPP Portal से भी डाउनलोड़ किया जा सकता है। डाउनलोड़ निविदा फार्म के साथ बोलीदाता को निविदा शुल्क के रूप में 200/— रूपये का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि Assistant Commissioner(First) Devasthan Department jaipur के नाम से जयपुर में देय हो, संलग्न करना होगा।
2. बोलीदाता को बोली के साथ बोली प्रतिभूति राशि 4000/— रूपये का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि Assistant Commissioner(First) Devasthan Department jaipur के नाम से जयपुर में देय हो, संलग्न करना होगा। इसके अभाव में बोली को निरस्त कर दिया जायेगा।
3. निर्धारित दिनांक को बोली खोलने के उपरान्त बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित दर पर कार्य में असमर्थता या दर मे संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा।
4. बोलीदाता द्वारा डी.पी.आर हेतु बोली को दो लिफाफे में एक साथ (तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली) कार्यालय में निर्धारित दिनांक व समय तक प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाताओं से प्राप्त बोलियों में से पहले तकनीकी बोलियों को समिति द्वारा खोला जायेगा। तकनीकी रूप से सफल बोली से सम्बन्धित बोलीदाताओं की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी। तकनीकी रूप से अयोग्य बोलियों से सम्बन्धित बोलीदाताओं की वित्तीय बोली नहीं खोली जावेगी।
5. निर्धारित तिथि व समय के पश्चात किसी भी बोली को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
6. बोलीदाताओं द्वारा बोली के साथ संलग्न किसी भी दस्तावेज तथा बोली में अंकित किसी भी तथ्य अथवा सूचना को छिपाने या गलत रूप से प्रस्तुत करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी तथा उसे समिति के निर्णय अनुसार ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।
7. उक्त बोली को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
8. आयुक्त देवस्थान विभाग आवश्यकतानुसार सामान्य वित्तीय एवं लेखों नियमों के अधीन बोली में शर्तें जोड़/हटा सकते है।
9. सफल बोलीदाता द्वारा समस्त डिजाईन, ड्राईंग, व्यय अनुमान एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जो कि प्रस्तावित डी.पी.आर के लिए आवश्यक हो निर्धारित समयावधि में तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। यदि निर्धारित समयावधि में डी.पी.



Scanned with CamScanner

आर बनाने का कार्य पूर्ण नहीं होता है, तो आयुक्त देवस्थान विभाग द्वारा सफल बोलीदाता पर बोली लागत की 10 प्रतिशत राशि की शास्ति आरोपित की जा सकती है।

10. सफल बोलीदाता को डी.पी.आर. में विभागीय आवश्यकता के अनुसार आवश्यक संशोधन करने होंगे।
11. सफल बोली का निर्णय न्यूनतम बोली दर के आधार पर किया जायेगा।
12. सफल बोलीदाता को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व बोली राशि की 5 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि कार्यालय में जमा करवानी होगी। बोली प्रतिभूति राशि जमा होने पर तथा अनुबन्ध के पश्चात उसकी पूर्व में जमा 2 प्रतिशत अमानत राशि लौटा दी जावेगी।
13. सफल बोलीदाता को ड्राईंग, डिजाईनिंग एवं व्यय अनुमान के साथ डी.पी.आर बनाकर प्रस्तुत करने पर बोली लागत का 50 प्रतिशत भुगतान किया जावेगा। 30 प्रतिशत राशि का भुगतान कार्य सम्पादन के दौरान, तथा शेष 20 प्रतिशत राशि का भुगतान प्रस्तावित म्यूजियम, पार्किंग एवं कार्यालय निर्माण कार्य की समाप्ति पर किया जायेगा।
14. सफल बोलीदाता को कार्यादेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के अंदर स्वंय के खर्चे पर 500/— रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर अनुबन्ध करना होगा। इस अनुबन्ध के पश्चात् ही डी.पी.आर बनाने कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
15. बोलीदाता को न्यूनतम एक करोड़ रूपये तक के कार्यों की डिजाईनिंग, ड्राईंग एवं व्यय अनुमानों की डी.पी.आर. बनाने का अनुभव होना चाहिये ।
16. यदि विभाग द्वारा एक वर्ष के अंदर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाता है तो सफल बोलीदाता को कार्य की आवश्यकतानुसार मौका विजिट हेतु बुलाया जा सकता है जिसमें उसे प्रथम दो विजिट के लिए कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा। तथा इसके पश्चात् प्रति विजिट उसे 10 रूपये प्रति किलोमीटर की दर से ट्रान्सपोर्टेशन चार्ज एवं 1000/— रूपये मानदेय का भुगतान किया जायेगा। यह भुगतान उसे सहायक आयुक्त के लिखित आदेश के द्वारा बुलाने पर ही किया जायेगा। यदि डिजाईन/ड्राईंग में माइनर करेक्शन होंगे तो बोलीदाता उसे निःशुल्क करेगा। माइनर/मेजर करेक्शन का निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा।
17. सफल बोलीदाता द्वारा अनुबन्ध के बाद एक माह के अन्तर्गत विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर) तैयार कर सहायक आयुक्त को प्रस्तुत करनी होगी। यदि देवस्थान विभाग द्वारा कार्य योजना में कोई संशोधन किया जाता है तो आयुक्त देवस्थान विभाग की सहमति से समिति द्वारा समयावधि बढ़ाई जा सकेगी।



Scanned with CamScanner

18. डी.पी.आर. बनाने के कार्य हेतु सफल बोलीदाता को पृथक से कोई यात्रा भत्ता अथवा मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

19. बोलीदाता द्वारा बोली में प्रस्तावित दर समस्त कर सहित प्रस्तुत करनी होगी। डी.पी.आर. बनाने के कार्य की इस बोली की अधिकतम बोली दर 2 लाख रूपये समस्त कर सहित है। अतः बोलीदाता को समस्त कर सहित 2 लाख रूपये की सीमा को देखते हुए ही बोली में दर समस्त कर सहित ही प्रस्तावित करनी है। बोलीदाता द्वारा जी.एस.टी. को मूल राशि से अलग दर्शाते हुए भी दर दी जा सकती हैं। परन्तु यह भी दोनों राशि मिलाकर निर्धारित सीमा में ही होनी चाहिये।

20. बोलीदाता का गत 3 वर्षों (2019–20, 2020–21, 2021–22) का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर 50 लाख रूपये का होना चाहिये। टर्नओवर के साक्ष्य के रूप में सी.ए. द्वारा प्रमाणित रिपोर्ट की स्व हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

21. बोलीदाता का राजस्थान में कार्यालय संचालित होना चाहिये। इसके लिए बोलीदाता को कार्यालय का पता बोली में अंकित करना होगा।

22. देवस्थान विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्यों का ले–आउट, आर्किटेक्चरल डिटेल वर्किंग डिजाईन तथा 3–डी डिजाईन फ्रन्ट एवं साईड़ ऐलीवेशन सहित। आर्किटेक्चरल डिटेल वर्किंग डिजाईन में निम्नानुसार बिन्दु होंगे।

| S.No. | Drawing Title |
|---|---|
| A | Architectural Drawings |
| 1. | Site Plan |
| 2. | Layout Plan |
| 3. | Contour Plan |
| 4. | Building Plan |
| 5. | Building Terrace Floor Plan |
| 6. | Building Elevation (Front, Back and Sides) |
| 7. | Building Sections & Sectional Elevations for all sides |
| 8. | Building Door, Window Opening Schedule and drawings |
| 9. | Building, roof ridge plan and compound drawing plans |
| 10. | Building Wall panel designing and detailing |
| 11. | Pathway Elevation, Sections and paving pattern |
| 12. | Building Circulation and corridor and paving pattern |
| 13. | Building Column set out/ Coordinates set out plans and detailing |
| 14. | Boundary Wall Section, Elevations |
| 15. | Boundary Wall Panel design and detailing |
| 16. | Drawing and sketches of Chattris , Jharokhas, Baradari/Abotti, |



Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | Pillars, todies, chajjas, kangoora, Mehrab and ornamental works detail drawings. |
| 17. | Flooring Pattern drawing |
| 18. | Tentative 3D view of the project elements |
| 19. | Any other, as per requirement |
| B | Electrical Drawings |
| 20. | Building Electrical layout drawings |
| 21. | Electrical fixture details fitting drawings |
| 22. | Electrical conduit & cable laying drawing details |
| 23. | Internal & external electrical development drawing details Any other, as per requirement |
| C | Signage Drawings |
| 24. | Direction Shilalekhs drawing |
| 25. | Description Shilalekhs drawing and details |
| 26. | Direction & Description board design and details etc.(if any) |
| 27. | Any other, as per requirement |
| D | 3D Rendered Coloured View |
| 28. | Birds eye view of project |
| 29. | Front & Back view of Buildings, entry gates etc. |
| 30. | Side views & perspective views etc. |
| 31. | Any other, as per requirement |

नोटः— बोलीदाता द्वारा हार्डकॉपी के साथ सॉफ्ट कॉपी भी इस कार्यालय को उपलब्ध करवानी होगी। इसी प्रकार सॉफ्ट कॉपी पी.डी.एफ. के साथ—साथ एम.एस. वर्ड या एक्सेल में भी देनी होगी। इसी प्रकार चित्रों व नक्शों के लिए जेपीजी इमेज के साथ ऑटो—कैड फॉर्मेट में डिजाइन प्रस्तुत करनी होगी।

23. बोलीदाता को बोली के साथ निविदा की शर्तें एवं समस्त संलग्नकों को हस्ताक्षर कर बोली के साथ बंद लिफाफों में प्रस्तुत करना होगा।

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर



Scanned with CamScanner

# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांकः– एफ.1(58)लेखा / DPR / 2022 / 1840 दिनांकः– 25/08/2022

## निविदा प्रपत्र

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री रामचन्द्र जी सिरहड्योढ़ी बाजार जयपुर में म्यूजियम, पार्किंग एवं कार्यालय के निर्माण हेतु DPR (Detailed project Report) बनवानी है। DPR बनवाने हेतु इच्छुक अनुभवी कन्सलटेंट / फर्म / संवेदकों से बन्द लिफाफों में द्विभाग बोली (तकनीकी एवं वित्तीय बोली) आमंत्रित की जाती है। बोली लगाने की अधिकतम दर 200000 / – रूपये है। बोली से सम्बन्धित अन्य विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रं. सं. | स्थान का नाम | निविदा का अधिकतम मूल्य | निविदा शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | DPR बनाने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मंदिर श्री रामचन्द्र जी सिरहडयोढ़ी बाजार जयपुर | 200000 / – | 200 / – | 4000 / – | 1 Month |

| | |
|---|---|
| बोली दस्तावेज बिक्री की तिथि | दिनांक 26.08.2022 से |
| प्रि बिड़ मीटिंग की तिथि व समय | दिनांक 30.08.202 समय मध्यान्ह 3 पीएम |
| निविदा कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 06.09.2022 को सायं 6 पीएम तक |
| तकनीकी बिड़ खोलने की तिथि | दिनांक 07.09.2022 |
| वित्तीय बोली खोलने की तिथि | तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं को वित्तीय बिड़ खोलने के समय बोली में उपलब्ध दूरभाष नम्बर पर पृथक से सूचना दी जावेगी। वित्तीय बिड़ संलग्न प्रपत्र 'एच' में ही प्रस्तुत करनी है। |

(रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

E/DPR Tender 2

Scanned with CamScanner